भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3008**

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

**धर्मपुरी, तमिलनाडु में टोल प्लाजा**

3008. श्री अ. मनि:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वर्तमान में परिचालनरत शुल्क प्लाजाओं की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) विशेष रूप से धर्मपुरी जिले में स्थित शुल्क प्लाजाओं की संख्या कितनी है और उनके द्वारा कवर किए जाने वाले राजमार्ग खंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने धर्मपुरी जिले में इन शुल्क प्लाजाओं पर सुगम यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने और भीड़ कम करने हेतु कोई उपाय किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को धर्मपुरी में टोल प्लाजाओं की कार्यप्रणाली के संबंध में यात्रियों से कोई शिकायत या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा सहित क्या सुधारात्मक उपाय किये गए हैं; और

(ङ) गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान धर्मपुरी जिले के शुल्क प्लाजाओं से एकत्रित राजस्व और उस राजस्व का जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण और विकास हेतु उपयोग की प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 75 प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा संचालित हैं। तमिलनाडु में शुल्क प्लाजा का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक क** में संलग्न है।

(ख) तमिलनाडु राज्य के धर्मपुरी जिले में तीन (03) शुल्क प्लाजा स्थित हैं। परियोजना खंडों सहित इन 3 शुल्क प्लाजा का विवरण **अनुलग्नक ख** में संलग्न है।

(ग) सरकार ने सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा पर भीड़ को कम करने के लिए शुल्क प्लाजा पर भुगतान करने के लिए फास्टैग के माध्यम से रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी) तकनीकी की शुरुआत की है। दिनांक 15/16 फरवरी, 2021 की मध्यरात्रि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा के सभी लेनों को शुल्क प्लाजा के फास्टैग लेन के रूप में घोषित करने के परिणामस्वरूप प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हुई है, प्रतीक्षा समय में कमी आई है और भीड़भाड़ कम हुई है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा पर दक्षता में सुधार हुआ है। 16 फरवरी, 2021 (00:00 बजे) को सभी लेनों पर फास्टैग के अनिवार्य कार्यान्वयन के पश्चात भारतीय राष्ट्रीय

राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा फास्टैग प्रणाली पर एक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया गया। उपरोक्त अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण (ईटीसी) प्रणाली के तहत शुल्क प्लाजा पर औसत प्रतीक्षा समय हस्तचालित (मैनुअल) शुल्क संग्रहण प्रणाली के तहत 734 सेकंड से घटकर 47 सेकंड हो गया है।

इसके अतिरिक्त, धर्मपुरी जिले के सभी शुल्क प्लाजा पर पर्याप्त संख्या में शुल्क लेन का निर्माण किया गया है। ये प्लाजा पूरी तरह से (100%) इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण प्रणालियों से लैस हैं, जिससे वाहनों की सुचारू और कुशल आवाजाही सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, व्यस्ततम समय के दौरान यातायात के प्रबंधन और विनियमन के लिए शुल्क प्लाजा पर लेन मार्शल तैनात किए जाते हैं।

इसके अलावा, निजी कार मालिकों के लिए फास्टैग आधारित टोलिंग और वार्षिक पास की शुरुआत के परिणामस्वरूप शुल्क प्लाजा पर भीड़ में कमी आई है।

(घ) पलायम शुल्क प्लाजा पर लंबी कतारों की शिकायतों की सूचना 1033 हेल्प लाइन नंबर के माध्यम से दी गई है। कतार/प्रतीक्षा समय, मुख्य रूप से सप्ताह के अंत और त्योहारों के मौसम में, लेन मार्शल की तैनाती के माध्यम से हल किया जाता है।

(ङ) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान धर्मपुरी जिले में शुल्क प्लाजा से एकत्र किया गया राजस्व **अनुलग्नक ग** में संलग्न है। केंद्र सरकार द्वारा संग्रहित किया गया प्रयोक्ता शुल्क भारत की संचित निधि (सीएफआई) में जमा किया जाता है और सीएफआई के माध्यम से आवंटित बजटीय सहायता का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव और आगे के विकास और संवर्धन के लिए किया जाता है।

**अनुलग्नक क**

**"धर्मपुरी, तमिलनाडु में टोल प्लाजा"** के संबंध में श्री अ. मनि के द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3008 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु राज्य में शुल्क प्लाज़ा का जिला-वार विवरण:

| क्र. सं. | जिला | शुल्क प्लाजा का नाम | एनएच सं. (नया/पुराना) | राजमार्ग का खंड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरियालुर | मानागथी | एनएच-81 / एनएच-227 | कल्लगाम-मीनसुरुट्टी |
| 2 | चैंगलपट्टू | अथुर | एनएच-32 / एनएच-45 | ताम्बरम- तिंडीवनम |
| 3 | चैंगलपट्टू | परनूर | एनएच-32 / एनएच-45 | ताम्बरम- तिंडीवनम |
| 4 | चेन्नई | माथुर | राज्य सड़क | चेन्नई-एन्नोर- पोर्ट रोड |
| 5 | कुड्डालोर | कोथाताई | एनएच-32 / एनएच 45ए | पूंडियांकुप्पम - सत्तानाथपुरम |
| 6 | कुड्डालोर | पोन्नलगाराम | एनएच-532 | कुड्डालोर - विरुधाचलम - सलेम |
| 7 | कुड्डालोर | कुरुंगुडी | एनएच-81 / एनएच-227 | मीनसुरूट्टी - चिदंबरम |
| 8 | कोयंबटूर | कनियुर | एनएच-544 / एनएच-47 | चेनागपल्ली - कोयंबटूर - टीएन/केरल सीमा |
| 9 | कोयंबटूर | मदुक्करै | एनएच-544 / एनएच-47 | कोयंबटूर बाईपास |
| 10 | धर्मपुरी | पलायम | एनएच-44 / एनएच-7 | कृष्णगिरी - थुम्बीपादी |
| 11 | धर्मपुरी | करगथाहल्ली | एनएच-844 | नेरलुरु -धर्मपुरी |
| 12 | धर्मपुरी | एच.पुधुपट्टी | एनएच-179ए | सेलम - तिरुपथुर-वनियाम्बाडी |
| 13 | डिंडीगुल | छत्रपति | एनएच-83 / 209 | ओड्डनचत्रम - मदथुकुलम |
| 14 | डिंडीगुल | कोझिंजीपट्टी | एनएच-44 / एनएच- 7 | डिंडीगुल बाईपास - |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | समयनल्लोर |
| 15 | डिंडीगुल | पुदुर | एनएच-785 | मदुरै- चेट्टिकुलम- नाथम- थुवरनकुरिची |
| 16 | कांचीपुरम | नेमिली (श्रीपेरंपुदुर) | एनएच-48 / एनएच-4 | पूनमल्ले - वालाजाहपेट |
| 17 | कल्लाकुरिची | वीरचोलपुरम | एनएच-79 / एनएच-68 | सलेम - उलुंदुरपेट |
| 18 | कल्लाकुरची | कीझकुप्पम | एनएच-532 | कुड्डालोर - विरुधाचलम - सेलम |
| 19 | कल्लाकुरिची | सेंगुरिची | एनएच-38 / एनएच-45 | उलुंदुरपेट - पडालूर |
| 20 | करूर | मानवी | एनएच-81 / एनएच-67 | त्रिची-करूर |
| 21 | करूर | वेलंचेट्टियूर | एनएच-44 / एनएच-7 | करूर - डिंडीगुल |
| 22 | कन्याकुमारी | तिरुपतिसरम | एनएच-944 | नागरकोइल से कवलकिनारु |
| 23 | कृष्णागिरी | कृष्णागिरी | एनएच-44 / एनएच-7 | होसुर - कृष्णगिरी |
| 24 | कृष्णागिरी | कधवानी | एनएच-179ए | सलेम- तिरुपथुर- वानीयंबादी |
| 25 | कृष्णागिरी | नागमपट्टी | एनएच-77 / एनएच-66 | तिंडीवनम - कृष्णगिरी |
| 26 | मदुरै | चित्तमपट्टी | एनएच-38 / एनएच-45बी | त्रिची- तोवरंकुरिची - मदुरै |
| 27 | मदुरै | एलियारपथी | एनएच-38 / एनएच-45बी | मदुरै तूतीकोरिन |
| 28 | मदुरै | कप्पालुर | एनएच-44 / एनएच- 7 | मदुरै - विरुधुनगर |
| 29 | नमक्कल | रसमपलायम | एनएच-44 / एनएच-7 | नमक्कल - करूर |
| 30 | पेरम्बलुर | थिरुमंडुरई | एनएच-38 / एनएच-45 | उलुंदुरपेट - पडालूर |
| 31 | पुदुक्कोट्टई | बूथकुडी | एनएच-38 / एनएच-45बी | त्रिची- तोवरंकुरिची - मदुरै |
| 32 | पुदुक्कोट्टई | पलाया गंधर्वकोट्टई | एनएच-36 / एनएच-226 | तंजावुर - पुदुक्कोट्टई |
| 33 | पुदुक्कोट्टई | लेम्बालाकुडी | एनएच-536, एनएच- | त्रिची-कराईकुडी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 336 / एनएच-210 | |
| 34 | पुदुक्कोट्टई | लेच्चुमनापट्टी | एनएच-536, एनएच-336 / एनएच-210 | त्रिची-कराईकुडी |
| 35 | रामनाथपुरम | वेन्नाथुर | एनएच-536 / एनएच-210 | कराईकुडी - रामनाथपुरम |
| 36 | रामनाथपुरम | बोगलूर | एनएच-85, एनएच-87 / एनएच-49 | मदुरै- परमकुडी-रामनाथपुरम |
| 37 | रानीपेट | चेन्नासमुद्रम | एनएच-48 / एनएच-4 | पूनमल्ले - वालाजाहपेट |
| 38 | सलेम | मेट्टुपट्टी | एनएच-79 / एनएच-68 | सलेम - उलुंदुरपेट |
| 39 | सलेम | नाथक्कराई | एनएच-79 / एनएच-68 | सलेम - उलुंदुरपेट |
| 40 | सलेम | ओमालुर (कोट्टमकौंडमपट्टी) | एनएच-44 / एनएच-7 | थुम्बिपडी - नमक्कल |
| 41 | सलेम | वैगुंथम | एनएच-544 / एनएच-47 | सलेम - कुमारपलायम |
| 42 | शिवगंगा | शेनबागमपेट्टई | एनएच-36 / एनएच-226 | थिरुमायम - मनमदुरै |
| 43 | शिवगंगा | कोडिकोट्टई | एनएच-536 / एनएच-210 | कराईकुडी - रामनाथपुरम |
| 44 | शिवगंगा | तिरुपचेथी | एनएच-85, एनएच-87 / एनएच-49 | मदुरै- परमकुडी-रामनाथपुरम |
| 45 | तंजावुर | मनंबदी | एनएच-36 / एनएच-45सी | सेठियाथोपे-चोलपौरम |
| 46 | तंजावुर | वेम्बुकुडी | एनएच-36 / एनएच-45सी | चोलपौरम - तंजावुर |
| 47 | थेनी | उप्परपट्टी | एनएच-183 / एनएच-220 | डिंडीगुल थेनी - कुमिली |
| 48 | त्रिची | कल्लाकुडी | एनएच-81 / एनएच-227 | त्रिची- कल्लागाम |
| 49 | त्रिची | थिरुपरैथुराई | एनएच-81 / एनएच-67 | त्रिची-करूर |
| 50 | त्रिची | वलवंथनकोट्टई | एनएच-83 / एनएच-67 | तंजावुर - त्रिची |
| 51 | त्रिची | पोन्नम्बलपट्टी | एनएच-83 / एनएच-45 | त्रिची - डिंडीगुल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 52 | तिरुपूर | वेलमपट्टी | एनएच-381 | अविनाशी - तिरुप्पुर - अविनाशीपलायम |
| 53 | त्रिची | समयापुरम | एनएच-38 / एनएच-45 | पदलूर - त्रिची |
| 54 | तिरुपूर | विजयमंगलम | एनएच-544 / एनएच-47 | कुमारपलायम - चेंगलपल्ली |
| 55 | तिरुपूर | पोंगलुर | एनएच-81 / एनएच-67 | कोयंबटूर - चिदंबरम |
| 56 | तिरुवल्लूर | नल्लूर | एनएच-16 / एनएच-5 | चेन्नई-टाडा |
| 57 | तिरुवल्लूर | पट्टाराई पेरुम्बुदुर | एनएच-716 / एनएच-205 | तिरुथानी - चेन्नई |
| 58 | तिरुवल्लूर | सुरपट्टू | एनएच-32 | चेन्नई बाईपास |
| 59 | तिरुवल्लूर | वनागरम | एनएच-32 | चेन्नई बाईपास |
| 60 | तिरुपथुर | वानीयंबादी (पेडाकल्लुपल्ली) | एनएच-48 / एनएच-46 | कृष्णगिरी - वालाजाहपेट |
| 61 | तिरुवन्नामलाई | एनामकारियांदल | एनएच-38/ एनएच 234 | वेल्लोर-तिरुवन्नामलाई-विल्लुपुरम |
| 62 | तिरुवन्नामलाई | करियामंगलम | एनएच-77 / एनएच-66 | तिंडीवनम - कृष्णगिरी |
| 63 | तिरुवरुर | कोविल्वेन्नी | एनएच-83 / एनएच-67 | नागपट्टिनम - तंजावुर खंड |
| 64 | तिरुनेलवेली | नांगुनेरी | एनएच-44 / एनएच-7 | नांगुनेरी - कन्याकुमारी |
| 65 | तूतीकोरिन | पुदुरपंडियापुरम | एनएच-38 / एनएच-45बी | मदुरै तूतीकोरिन |
| 66 | तूतीकोरिन | वागैकुलम | एनएच-138 / एनएच-7ए | तिरुनेलवेली - तूतीकोरिन |
| 67 | तूतीकोरिन | सलाईपुदुर | एनएच-44 / एनएच-7 | कयाथर - नांगुनेरी |
| 68 | वेल्लोर | वल्लम | एनएच-38/ एनएच 234 | वेल्लोर-तिरुवन्नामलाई-विल्लुपुरम |
| 69 | वेल्लोर | पल्लीकोंडा | एनएच-48 / एनएच-46 | कृष्णगिरी - वालाजाहपेट |
| 70 | विलुप्पुरम | गंगारामपलायम | एनएच-332 / एनएच-45ए | विलुप्पुरम - पुडुचेरी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 71 | विलुप्पुरम | मोराटांडी | एनएच-32/एनएच-66 | पांडिचेरी - तिंडीवनम |
| 72 | विलुप्पुरम | विक्रवंडी | एनएच-132 और एनएच-38/ एनएच-45 | तिंडीवनम - उलुंदुरपेट |
| 73 | विलुप्पुरम | तेन्नामादेवी | एनएच-38/ एनएच 234 | वेल्लोर-तिरुवन्नामलाई-विल्लुपुरम |
| 74 | विलुप्पुरम | नांगलिकोंडान | एनएच-77 / एनएच-66 | तिंडीवनम - कृष्णगिरी |
| 75 | विरुधुनगर | एत्तुरवट्टम | एनएच-44 / एनएच-7 | विरुधुनगर - कयाथर |

**अनुलग्नक ख**

**"धर्मपुरी, तमिलनाडु में टोल प्लाजा"** के संबंध में श्री अ. मनि के द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3008 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

धर्मपुरी में परियोजना के भागों के साथ शुल्क प्लाजा की जानकारी:

| **क्र. सं.** | **शुल्क प्लाजा का नाम** | **खंड का नाम** | **धर्मपुरी ज़िले में पड़ने वाली लंबाई (किलोमीटर में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | पलायम | एनएच-44 का कृष्णागिरी - थुम्बीपाडी खंड | 50 |
| 2 | करगथल्ली | एनएच-844 का नेरलुरु - धर्मपुरी खंड | 41 |
| 3 | एच. पुधुपट्टी | एनएच-179ए का सेलम- वानियमबाड़ी खंड | 33 |

**अनुलग्नक ग**

**"धर्मपुरी, तमिलनाडु में टोल प्लाजा"** के संबंध में श्री अ. मनि के द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3008 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वित्त वर्ष के दौरान धर्मपुरी जिले में शुल्क प्लाजा पर प्रयोक्ता शुल्क संग्रहण:

| **प्लाजा का नाम** | **शुल्क प्लाजा से एकत्र किया गया राजस्व (करोड़ रुपये में)** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26 (30.11.2025 तक)** |
| पलायम | 261.18 | 278.07 | 296.80 | 199.76 |
| करगथल्ली | 0.00 | 0.00 | 4.00 | 26.32 |
| एच. पुधुपट्टी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 9.24 |

*****